डेली करंट अफेयर्स

24 घंटे की सबसे बड़ी बातें

यूएन में क्लाइमेट पर नया प्रस्ताव, 12-14 अक्टूबर को ब्रिक्स थिएटर

1. एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की रिपोर्ट के अनुसार 2022 से 2026 में 111 निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने पार्टी बदली। इनमें 26 लोकसभा, 7 राज्यसभा और 78 विधायक शामिल हैं। सबसे ज्यादा मामले नगालैंड में 32 और बंगाल में 20 रहे। पार्टी स्तर पर नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी से 25 नेताओं ने इस्तीफा दिया।

2. असम ने 796.88 करोड़ रुपए के SWIFT (स्टेनेबल वेटलैंड एंड इंटीग्रेटेड फिशरीज ट्रांसफॉर्मेशन) प्रोजेक्ट को मंजूरी दी। इसमें एशियाई विकास बैंक 637.50 करोड़ रुपए का लोन देगा और बाकी राशि राज्य सरकार देगी। प्रोजेक्ट से कम से कम 102 सामुदायिक बीलों के सुधार और पुनर्वास का काम होगा।

3. न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान फ्रांस की अध्यक्षता में दूसरी G7 विकास मंत्रियों की बैठक हुई। इसमें भारत ने 'सर्वोदय' यानी सभी के कल्याण पर आधारित विकास की बात रखी। विकास केवल आर्थिक मदद देने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि देशों की घरेलू क्षमता और आत्मनिर्भरता मजबूत करने पर भी जोर होना चाहिए।

4. भारत की BRICS अध्यक्षता के तहत 12 से 14 अक्टूबर तक नई दिल्ली में BRICS थिएटर फेस्टिवल होगा। फेस्टिवल की नोडल एजेंसी नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा है। इसमें भारत, रूस, थाईलैंड, इंडोनेशिया समेत 9 BRICS सदस्य और साझेदार देशों के 100 से ज्यादा कलाकार, रंगकर्मी, विद्यार्थी और विशेषज्ञ शामिल होंगे।

5. नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में नेपाल, भारत और चीन के बीच 'हिमालयन क्लाइमेट रेजिलिएंस मैकेनिज्म' का प्रस्ताव रखा। इसमें सैटेलाइट डेटा व विशेषज्ञता साझा करने, ग्लेशियर झीलों की निगरानी, शुरुआती चेतावनी व्यवस्था मजबूत करने और आपदा में सीमा पार राहत सहयोग की बात है।

कैंपस अपडेट

सीयूजे: स्नातक की रिक्त सीटों के लिए 3 तक रजिस्ट्रेशन

रांची| सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रमों में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए तीसरे चरण की काउंसलिंग शुरू हो गई है। इसके तहत डायनेमिक वैकेंट सीटों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 26 सितंबर से 3 अक्टूबर तक किया जा सकेगा। यह प्रक्रिया केवल उन्हीं कार्यक्रमों और श्रेणियों में लागू होगी, जहां वेटिंग लिस्ट के अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं हैं और डायनेमिक वैकेंट सीटें प्रदर्शित की गई हैं। इस चरण में प्रवेश 12वीं में प्राप्त अंको के आधार पर किया जाएगा। पंजीकृत अभ्यर्थियों की सूची 6 अक्टूबर तक, जबकि ऑफलाइन दस्तावेज सत्यापन एवं काउंसलिंग 8 अक्टूबर को होगी। सीट आवंटन एवं शुल्क जमा करने की प्रक्रिया 9 अक्टूबर से शुरू होगी। पात्र व इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित अवधि में विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर पंजीकरण कर सकते हैं।

सीयूजे के छात्र को तीन लाख रु. का शोध अनुदान

रांची| सीयूजे के शिक्षा विभाग के छात्र कौशिक कुमार होता का चयन भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर), नई दिल्ली की युवा शोध प्रतिभा योजना के लिए हुआ है। इस योजना के तहत कौशिक को अपने शोध कार्य के लिए तीन लाख का शोध अनुदान मिलेगा। कौशिक इंटीग्रेटेड बीए-बीएड के छात्र हैं। उनका चयन देशभर से प्राप्त शोध प्रस्तावों की समीक्षा और विशेषज्ञों के सामने साक्षात्कार के बाद किया गया है। उनका शोध झारखंड और ओडिशा के महुआ और केंदू पत्ता संग्राहकों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति पर आधारित है। उनके शोध का मुख्य उद्देश्य यह जानना है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य का महुआ और केंदू पत्ता संग्राहकों की आय और जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है। शोध के माध्यम से इन वन उपज संग्राहकों की समस्याओं और उनकी आजीविका की स्थिति को समझने का प्रयास किया जाएगा। कौशिक का शोध कार्य झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग के प्रोफेसर और आईक्यूएसी के निदेशक प्रो. तपन कुमार बसंतिया के मार्गदर्शन में होगा। इस परियोजना में कौशिक मुख्य शोधार्थी हैं, जबकि पीयूष कुमार शोधार्थी के रूप में उनके साथ काम करेंगे। विवि के कुलपति प्रो. सारंग मेढेकर और शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. विमल किशोर ने कौशिक को बधाई देते हुए उनकी उपलब्धि की सराहना की।

नीट पीजी रिजल्ट: 2.66 लाख परीक्षार्थी, रैंक वन को 641 अंक... जनरल की कटऑफ 262

एजुकेशन न्यूज | नई दिल्ली

नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज ने नीट पीजी का रिजल्ट जारी कर दिया है। इस साल 2,65,960 उम्मीदवारों ने परीक्षा दी। इनमें 30 अगस्त को परीक्षा देने वाले 2,63,544 और जयपुर में 5 सितंबर को दोबारा परीक्षा देने वाले 2,416 उम्मीदवार शामिल हैं। परीक्षा में AIR-1 को 720 में से 641 अंक मिले हैं। यह कुल अंकों का 89.03% है। इस बार परीक्षा में 180 सवाल पूछे गए थे और इसे हल करने के लिए 3 घंटे 30 मिनट का समय दिया गया था। नीट पीजी से एमडी, एमएस, डीएनबी, DrNB डायरेक्ट 6-वर्षीय कोर्स और पोस्टग्रेजुएट मेडिकल डिप्लोमा में प्रवेश दिया जाएगा।

नीट-पीजी : पिछले 5 साल में इस बार सबसे कम कटऑफ

साल	शामिल	जनरल	रिजर्व	कुल अंक	AIR-1 स्कोर	परसेंट
2022	1,82,356	275	245	800	705	88.13%
2023	2,00,517	291	257	800	725	90.63%
2024	2,16,136	291	257	800	जारी नहीं	-
2025	2,30,114	276	235	800	707	88.38%
2026	2,65,960	262	226	720	641	89.03%

ऑल इंडिया रैंक-1 और 2 के बीच 8 अंकों का अंतर

नीट पीजी में ऑल इंडिया रैंक (एआईआर)-1 हासिल करने वाले डॉ. मोनिश कत्रा आर को 641 अंक मिले हैं। वहीं एआईआर-2 के 633 और एआईआर-3 के 626 अंक रहे। एआईआर-4 से 7 तक उम्मीदवारों ने 625-625 अंक हासिल किए हैं। वहीं, एआईआर-8 के 621 और एआईआर-20 के 614 अंक रहे हैं। इस तरह टॉप-20 उम्मीदवारों के अंक 614 से 641 के बीच रहे। पूरे रिजल्ट में 114 उम्मीदवारों ने 600 या उससे ज्यादा अंक हासिल किए। वहीं 12,111 उम्मीदवारों के 500 या उससे ज्यादा अंक रहे। 29,130 उम्मीदवारों ने 450 या उससे ज्यादा और 51,729 उम्मीदवारों ने 400 या उससे ज्यादा अंक हासिल किए। इससे टॉप रैंक में अंकों का अंतर काफी कम रहा।

कटऑफ अंक मिलना मतलब सीट मिलना नहीं

262 अंक और 226 अंक क्वालिफाइंग कटऑफ हैं। इसका मतलब है कि उम्मीदवार काउंसलिंग के लिए पात्र हो जाता है। इससे यह तय नहीं होता कि उसे किसी कॉलेज में सीट मिल ही जाएगी। कॉलेज और ब्रांच का आवंटन रैंक, कैटेगरी, कोटा, पसंद और उपलब्ध सीटों के आधार पर काउंसलिंग में किया जाएगा।

नीट-पीजी: एसडीओ स्तर से नीचे के प्रमाण-पत्र नहीं होंगे मान्य

रांची| नीट-पीजी-2026 के परिणाम के आधार पर झारखंड में मेडिकल पीजी डिग्री, डिप्लोमा और डीएनबी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए होने वाली काउंसिलिंग से पहले अभ्यर्थियों को अपने प्रमाण-पत्रों की वैधता जांचनी होगी। झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद ने स्टेट मेरिट लिस्ट के लिए ऑनलाइन आवेदन से पहले सभी जरूरी प्रमाण-पत्र और दस्तावेज अपडेट रखने की एडवाइजरी जारी की है। जेसीईसीईबी ने स्पष्ट किया है कि आवेदन के समय दस्तावेजों में विसंगति रहने पर आगे चलकर शिकायत, आवेदन निरस्त होने या दावा रद्द होने की स्थिति बन सकती है। स्टेट मेरिट लिस्ट के आवेदन में भरी गई श्रेणी और नीट-पीजी के आवेदन में दर्ज श्रेणी अलग होने पर अभ्यर्थी को अनारक्षित श्रेणी में माना जाएगा।

स्थानीय निवासी और जाति प्रमाण-पत्र पर फोकस

एसटी, एससी, बीसी-1 (नॉन-क्रीमी लेयर), बीसी-2 (नॉन-क्रीमी लेयर) और ईडब्ल्यूएस श्रेणी के अभ्यर्थियों को संबंधित प्रमाण-पत्र अपडेट रखना होगा। स्थानीय निवासी प्रमाण-पत्र भी तैयार रखना होगा। जेसीईसीईबी ने कहा है कि संबंधित प्रमाण-पत्र झारखंड राज्य में अनुमंडल पदाधिकारी (सिविल) से नीचे के स्तर के अधिकारी द्वारा जारी नहीं होना चाहिए। ईडब्ल्यूएस का लाभ लेने वाले अभ्यर्थियों को आय प्रमाण-पत्र अपडेट रखना होगा। वैधता से जुड़ी जानकारी सही होना जरूरी है, ताकि स्टेट मेरिट लिस्ट में श्रेणी संबंधी दावे में विसंगति न हो। दिव्यांग अभ्यर्थियों को अपना पीडब्ल्यूडी प्रमाण-पत्र अपडेट करना होगा। पर्षद ने स्पष्ट किया है कि रिम्स, रांची से जारी पीडब्ल्यूडी प्रमाणपत्र ही मान्य होगा।

नॉलेज टेस्ट

Q1. कर्क रेखा भारत के कितने राज्यों से होकर गुजरती है?

[A] 6 [B] 7 [C] 8 [D] 9

Q2. तस्वीर पारंपरिक नाव दौड़ हिकरू हिडोंगबा उत्सव की है। यह उत्सव किस राज्य में मनाया जाता है?

[A] असम [B] मणिपुर [C] त्रिपुरा [D] मेघालय

उत्तर: 1. 8, 2. मणिपुर

The English and Foreign Languages University
(A CENTRAL UNIVERSITY ESTABLISHED BY AN ACT OF PARLIAMENT)
HYDERABAD-500007

EXPRESSION OF INTEREST (EOI) FOR EMPANELMENT OF LIBRARY VENDORS/SUPPLIERS

Ramesh Mohan Library, The English and Foreign Languages University (**EFLU**), Hyderabad 500007, invites Expression of Interest (**EOI**) from reputed vendors and suppliers for empanelment for supply of Print Books, E-Books and Journal Resources. Interested vendors may visit the official website of EFL University at **https://www.efluniversity.ac.in/** for detailed EOI, eligibility criteria and submission guidelines.
Last date to apply - One month from the date of advertisement.
Date:26.09.2026 Sd/- REGISTRAR

भारत सरकार, अंतरिक्ष विभाग
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन
द्रव नोदन प्रणाली केंद्र
वलियमला पी.ओ, तिरुवनंतपुरम - 695 547
इसरो isro

विज्ञापन सं. एल पी एस सी/03/2026 दिनांक 26.09.2026

तिरुवनंतपुरम के पास एल पी एस सी, वलियमला में निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

पद सं	अध्ययन का विषय	रिक्तियों की संख्या	अनिवार्य योग्यताएं	
वैज्ञानिक / इंजीनियर - एस सी [स्तर 10 (वेतन मैट्रिक्स : ₹56,100/- – ₹1,77,500/-)]				
820	वेल्डिंग	01	1. निम्नलिखित में से कोई भी बी.ई./बी. टेक. यांत्रिक/उत्पादन/धातुकर्म/निर्माण/सामग्री विज्ञान **तथा** 2. निम्नलिखित में से कोई भी एम.ई./ एम.टेक. वेल्डिंग प्रौद्योगिकी/यांत्रिक वेल्डिंग और चादर धातु इंजीनियरी/निर्माण (विषयों में से एक वेल्डिंग को समाहित करते हुए)/धातुकर्म (विषयों में से एक वेल्डिंग को समाहित करते हुए)/उत्पादन (विषयों में से एक वेल्डिंग को समाहित करते हुए)	• न्यूनतम 65% अंक (सभी सेमेस्टरों का औसत) या 10 पाइंट स्केल पर 6.84 सी जी पी ए के साथ बी.ई/बी.टेक. या इसके समकक्ष। ए एम आई ई/ग्रेड आई ई टी ई उम्मीदवारों को अकेले वर्ग बी में न्यूनतम 65% अंक या 10 पाइंट स्केल पर 6.84 सी जी पी ए होनी चाहिए। • न्यूनतम 60% अंक या 10 पाइंट स्केल पर 6.5 सी जी पी ए / सी पी आई ग्रेड के साथ एम.ई./एम. टेक. या इसके समकक्ष।
821	टर्बो मशीनरी	01	1. निम्नलिखित में से कोई भी बी.ई./बी.टेक. यांत्रिक/वांतरिक्ष **तथा** 2. निम्नलिखित में से कोई भी एम.ई./एम.टेक. टर्बो मशीनरी/तापीय व तरल अभियांत्रिकी (विषयों में से एक टर्बो मशीनरी को समाहित करते हुए)/वांतरिक्ष नोदन (विषयों में से एक टर्बो मशीनरी को समाहित करते हुए)	
822	शक्ति इलेक्ट्रॉनिकी	01	1. निम्नलिखित में से कोई भी बी.ई./बी.टेक. इलेक्ट्रॉनिकी और संचार/इलेक्ट्रॉनिकी एवं यंत्रीकरण / अनुप्रयुक्त इलेक्ट्रॉनिकी/विद्युत व इलेक्ट्रॉनिक्स/विद्युत/एवियनिकी/शक्ति अभियांत्रिकी **तथा** 2. निम्नलिखित में से कोई भी एम.ई./एम.टेक. शक्ति इलेक्ट्रॉनिकी / शक्ति इलेक्ट्रॉनिकी और नियंत्रण/ शक्ति नियंत्रण और चालन/उन्नत विद्युत शक्ति प्रणाली / विद्युत और इलेक्ट्रॉनिकी (शक्ति प्रणाली)/उच्च वोल्टता एवं शक्ति प्रणाली इंजीनियरी/औद्योगिक शक्ति नियंत्रण एवं चालन	

नोट: शैक्षणिक योग्यताएँ (बी.ई/बी.टेक./एम.ई./एम.टेक.) विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम की अवधि के अंदर पूरी होनी चाहिए।
दिनांक **13.10.2026** तक सभी पदों के लिए आयु सीमा 30 साल है। भारत सरकार के आदेशों के अनुसार पूर्व सैनिकों, विभागीय उम्मीदवारों और दिव्यांग व्यक्तियों ऊपरी आयु सीमा में छूट के लिए पात्र हैं। आवेदन ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। इच्छुक अभ्यर्थी विस्तृत जानकारी के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र भरने हेतु वेबसाइट **www.lpsc.gov.in** पर जाएँ। इस प्रयोजन हेतु, ऑनलाइन भर्ती पोर्टल **29.09.2026 को 1400 बजे से 13.10.2026 को 1400 बजे तक** उपलब्ध रहेगा।

PSPCL पंजाब स्टेट पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(पंजी. कार्यालय : पी.एस.ई.बी. मुख्य कार्यालय, द माल, पटियाला-147001)
कॉर्पोरेट पहचान संख्या : U40109PB2010SGC033813
वेबसाइट: www.pspcl.in

निविदा पूछताछ संख्या 364/18/सीएसआईटी-2026 दिनांक 25/09/2026

डिप्टी चीफ इंजीनियर/IT (A&PM), PSPCL, पटियाला कॉल सेंटर सॉल्यूशन के अपग्रेडेशन के लिए सर्विस प्रोवाइडर चुनने और सभी जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर कंपोनेंट्स और सर्विसेज देने, मैनेज करने और मेंटेन करने के लिए ई-टेंडर मंगा रहे हैं। डिटेल्ड NIT और टेंडर स्पेसिफिकेशन्स के लिए कृपया 29/09/2026, 13:00 बजे से https://eproc.punjab.gov.in देखें।
नोट: अगर कोई सुधार या अतिरिक्त जानकारी है, तो उसे ऑनलाइन https://eproc.punjab.gov.in पब्लिश किया जाएगा।
1079/12/2026-27/15614 C924/26

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर
(भारत सरकार द्वारा गठित एक स्वायत संस्थान)
बासनी, जोधपुर, राजस्थान-342005
फोन नं. 0291-2740741
ई-मेल: academicsection@aiimsjodhpur.edu.in

विज्ञप्ति

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर द्वारा योग्य भारतीय नागरिकों से विभिन्न विभागों के लिए सीनियर रेजिडेंट (नॉन डी.एम/एम.सी.एच.) पदों हेतु ऑनलाईन माध्यम से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

पद नाम	ऑनलाईन आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि	ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि
सीनियर रेजिडेंट	24 सितम्बर 2026	05 अक्टूबर 2026 (सायं 05 बजे तक)

विस्तृत जानकारी अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर (राजस्थान) की वेबसाईट https://aiimsjodhpur.edu.in पर उपलब्ध है।

अधिष्ठाता (शैक्षणिक)
अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर

राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय

विज्ञापन: सीयूराज/आर/एफ.178/भर्ती/2026/7000 दिनांक: 24.09.2026

चेयर प्रोफेसर (पर्यावरण संरक्षण)
भारतीय परंपराओं के पुनरुद्धार के लिए समग्र दृष्टिकोण (HARIT)

पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के लिए भारतीय पारंपरिक ज्ञान पर अंतर-विषयक शोध का नेतृत्व करने हेतु **चेयर प्रोफेसर (पर्यावरण संरक्षण)** के पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

चेयर प्रोफेसर वेदों, उपनिषदों, प्राचीन साहित्य, पांडुलिपियों, पारंपरिक ज्ञान और जीवन-पद्धतियों से पर्यावरणीय ज्ञान का अन्वेषण करेंगे; भारतीय पारंपरिक प्रथाओं की पहचान, दस्तावेजीकरण, सत्यापन, प्रदर्शन, आधुनिकीकरण और विस्तार करेंगे; तथा वर्तमान पर्यावरणीय चुनौतियों के लिए व्यावहारिक समाधान विकसित करने हेतु समकालीन विज्ञान और प्रौद्योगिकी को एकीकृत करेंगे।

योग्यता, अनुभव और आवेदन संबंधी विवरण के लिए www.curaj.ac.in देखें।

कुलसचिव

राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम-मिनी रत्न कंपनी)
क्षेत्रीय कार्यालय: शेखपुरा, राजाबाजार, पटना-800014, (बिहार)
Contact No.: 6287501813

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

राष्ट्रीय बीज निगम लि. (भारत सरकार का उपक्रम) क्षेत्रीय कार्यालय, पटना, द्वारा दो बीड सिस्टम (तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड) में-**गेहूँ अलसी एवं चना** के प्रमाणित बीजों को क्रय करने हेतु सरकारी/सहकारी संस्थाओं/प्रतिष्ठित बीज उत्पादनकर्ता संस्थाओं से माध्यम कालिक (8 दिवस) ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा, **दिनांक 03.10.2026 समय 15.00 बजे** तक ही प्राप्त की जायेंगी। निविदा की समस्त नियम एवं शर्तें वेबसाइट www.indiaseeds.com, https://indiaseeds.enivida.com पर उपलब्ध है। आवश्यकतानुसार शुद्धिपत्र इत्यादि राष्ट्रीय बीज निगम लि. की वेबसाइट पर ही उपलब्ध होगी।

क्षेत्रीय प्रबंधक

BEFORE THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI
5th Floor, Pragati Sadan (RRDA Building), Kutchery Chowk, Ranchi-834001

O.A. No. 267 of 2025
BETWEEN
INDIAN OVERSEAS BANK, RAMGARH ...Applicant Bank
Vs
M/s S. K. ENTERPRISES & ANR. ... Defendants
SUMMONS ISSUED UNDER RULE 23 (VIII) OF THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL (PROCEDURE) RULES, 1993

S.N.	DEFENDANTS	ADDRESS
01	M/S S. K. ENTERPRISES	WARD No. 2, SAHU MUHALLA, VILLAGE – MARAR, RAMGARH, JHARKHAND - 829117
02	MRS. SANGEETA KUMARI, PROPRIETOR OF M/S S.K. ENTERPRISES, W/O JITENDRA PRASAD	

Whereas, the Applicant has instituted an Application u/s 19 of the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act 1993 against the Defendants for Recovery of sum of Rs. 29,23,356.54/- (Rupees Twenty Nine Lakh Twenty Three Thousand Three Hundred Fifty Six and Fifty Four PaisaOnly) together with current and future interest, cost for other reliefs. The above mentioned Defendants is/are therefore directed to appear before **Registrar** in on **02nd day of November, 2026 at 10.30 A.M.** as to why the reliefs prayed for should not be granted and to file show - cause in the matter. The notice that in case of default, the application will be heard and determined in your absence.
Given under my hand and seal of this Tribunal on this the **02nd day of September, 2026.**

REGISTRAR

झारखण्ड राज्य सहकारी लाह क्रय-विक्रय एवं आहरण संघ लिमिटेड
The Jharkhand State Co-operative Lac Marketing & Procurement Federation Ltd.
(Manufacturers of SEEDLAC, SHELLAC, ALURITIC ACID, BUTTON LAC, SEALING WAX AND OTHER LAC PRODUCTS)
Website- www.jascolampf.com Phone/Fax-91-651-3511741 E-mail-mdjascolampf@gmail.com
FACTORY CUM ADMINISTRATIVE OFFICE : SIDROL, NAMKUM, RANCHI, JHARKHAND, PIN-834010

Ref. No. 476/Ranchi, Date: 25.09.2026

लाह उत्पादक कृषकों के लिए आवश्यक सूचना

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग) द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए स्वीकृत योजनान्तर्गत, राज्य के लाह उत्पादक कृषकों को वैज्ञानिक पद्धति से लाह खेती से संबंधित पाँच दिवसीय संस्थागत एवं एक दिवसीय क्षेत्रीय प्रशिक्षण के लिए योग्य एवं इच्छुक लाभुकों का चयन किया जाना है। प्रासंगिक योजना के तहत झास्कोलैम्पफ से सम्बद्धता प्राप्त सहकारी समितियों यथा- लैम्पस / पैक्स/व्यापार मंडल/एफ.पी.ओ./ कृषक संगठन के माध्यम से क्रियान्वयन निम्न रूपेण किया जाना है :-

- स्वीकृत योजना के तहत चयनित लाभुक / लाह कृषकों को पाँच दिवसीय संस्थागत प्रशिक्षण राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान, नामकोम, राँची में दी जाएगी, जिसमें लाभुकों को ठहरने, खाने-पीने एवं प्रशिक्षण की सुविधा निःशुल्क दी जाएगी एवं लाभुकों को आने-जाने का परिवहन व्यय स्वयं करना होगा।
- एक दिवसीय क्षेत्रीय प्रशिक्षण लाह प्रक्षेत्र जिलों / प्रखण्ड / समिति स्तर पर प्रदान की जाएगी।
- लाह कृषकों को 95 प्रतिशत अनुदानित दर पर टूल कीट्स यथा- सिकेटियर, स्क्रेपिंग नाईफ, नाइलोन जाली, लूपर, कीटनाशक दवाएँ एवं 10 के समूह में स्प्रे मशीन उपलब्ध करायी जाएगी।

प्रासंगिक योजना के तहत लाह प्रक्षेत्र जिलों के लाह कृषक अपने-अपने क्षेत्र के उल्लेखित समितियों के माध्यम से विहित प्रपत्र में आवेदन झास्कोलैम्पफ कार्यालय में समर्पित करते हुए **"पहले आओ, पहले पाओ"** के आधार पर वर्णित योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। विहित प्रपत्र, नियम एवं शर्तें झास्कोलैम्पफ कार्यालय के सूचना पट्ट एवं वेबसाईट **www.jascolampof.com** पर भी उपलब्ध है। विस्तृत जानकारी के लिए मोबाईल नं. 9771475747/9905547272 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

प्रबंध निदेशक,
झास्कोलैम्पफ, राँची।

बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI Relationship beyond banking

आंचलिक कार्यालय, राँची अंचल
प्रधान टॉवर्स, ओवरब्रिज के पास, मेन रोड, राँची - 834001
सरफेसी अधिनियम 2002 के तहत गिरवी रखी संपत्तियों की ई-नीलामी विक्रय सूचना

निम्नवर्णित सम्पत्तियों को सरफेसी अधिनियम 2002 के प्रावधानों के तहत "जैसा है जहां है के आधार पर" और "जैसा है जो है के आधार पर" और "बिना किसी संसाधन के आधार पर" बेचा जाना है

क्र. सं.	शाखा का नाम / खाता/ उधारकर्ता/ जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम / संपत्ति आईडी	संपत्ति का विवरण	मांग सूचना की तिथि / कब्जा लेने की तिथि / कब्जे की स्थिति / विक्रय सूचना की तिथि	A) आरक्षित मूल्य / B) अग्रधन जमा राशि	बकाया राशि
01	आस्ति वसूली शाखा / मेसर्स परफेक्ट विजन से, जो एक प्रोप्राइटरशिप फर्म है जिसमें श्री धीरेंद्र प्रसाद, पिता - स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद तथा जमानतदार श्री राजेंद्र प्रसाद शर्मा, पिता - स्वर्गीय ईश्वर प्रसाद शर्मा एवं श्रीमती नीलम कुमारी, पति - श्री धीरेंद्र प्रसाद / BKIDRANPER	भू-संपत्ति का साम्यिक बंधक, जो विक्रय विलेख संख्या-9291/ 8098, दिनांक-29-05-2009 के तहत श्री धीरेंद्र प्रसाद, पिता - राजेंद्र प्रसाद एवं राजेंद्र प्रसाद, पिता - स्व. ईश्वर प्रसाद शर्मा के स्वामित्व में ग्राम/ मौजा- सुगनु, शीट नं.-02, थाना- सदर, खाता नं.-34, आर.एस. प्लॉट नं.-2946, सब-प्लॉट नं.-2946/2, थाना नं.-170, जिला- रांची में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 10 डिसमिल है। **चौहद्दी :** उत्तर- कुबेर – प्लॉट नं. 2946/ अंश (पार्ट), दक्षिण- आर.एस. प्लॉट नं. 2943, पूर्व- आर.एस. प्लॉट नं. 2924, पश्चिम- 15 फीट चौड़ी प्रस्तावित सड़क	13(2)- 05.08.2025 / 13(4)- 17.09.2026 / सांकेतिक कब्जा / विक्रय सूचना तिथि 24.09.2026	A) रु. 13.42 लाख / B) रु. 1.35 लाख	रु. 62.32 लाख + यूसीआई और 31.03.2021 से अन्य खर्च
02	लोहरदगा शाखा / मोहम्मद असलम / BKIDRAN155	संपत्ति के सभी भाग का साम्यिक बंधक, जो प्लॉट संख्या 1402 (नया) / 1286 (पुराना), खाता संख्या 1004 (नया) / 178 (पुराना) के अंतर्गत 4.5 डिसमिल भूमि एवं उस पर निर्मित भवन, जो पी.सी.सी. सड़क के किनारे, मोहल्ला मुस्लिमटोली, छोटी मस्जिद के निकट, सेन्हा, थाना सेन्हा, थाना संख्या-189, जिला लोहरदगा में मोहम्मद असलम के नाम पर स्थित है।	13(2)- 03.02.2024 / 13(4)- 31.08.2024 / सांकेतिक कब्जा / विक्रय सूचना तिथि 24.09.2026	A) रु. 16.41 लाख / B) रु. 1.65 लाख	रु. 12.57 लाख एवं ब्याज तथा अन्य प्रभार
03	घाघरा शाखा / रवि जेम्स एंथोनी / BKIDRANRAV	संपत्ति के सभी भाग का साम्यिक बंधक, जो खाता संख्या 47, प्लॉट संख्या 900 के अंतर्गत 1.75 डिसमिल भूमि एवं उस पर निर्मित भवन, जो कच्ची सड़क के किनारे, मोहल्ला विद्या नगर, धनकुंवर साहू के मकान के निकट, घाघरा, थाना संख्या-79, जिला गुमला में श्री रवि जेम्स एंथोनी के नाम पर स्थित है।	13(2)- 29.01.2024 / 13(4)- 06.09.2025 / सांकेतिक कब्जा / विक्रय सूचना तिथि 24.09.2026	A) रु. 18.57 लाख / B) रु. 1.86 लाख	रु. 14.45 लाख एवं ब्याज तथा अन्य प्रभार
04	किस्को शाखा / तबरेज़ अंसारी / BKIDRANTAB	संपत्ति के सभी भाग का साम्यिक बंधक, जो नया खाता संख्या 169, पुराना खाता संख्या 294, नया प्लॉट संख्या 661, पुराना प्लॉट संख्या 596 एवं 597 के अंतर्गत स्थित भूमि एवं उस पर निर्मित भवन, जो ग्राम नवाडीह, दुर्गा मंदिर के सामने, थाना किस्को, थाना संख्या-120, जिला लोहरदगा में स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 4.0 डिसमिल है, बिक्री विलेख संख्या 1307/1333 दिनांक 27.05.2006 एवं संशोधन बिक्री विलेख संख्या 2465/2529 दिनांक 30.09.2011 के अनुसार श्री तबरेज़ अंसारी के नाम पर है।	13(2)- 04.06.2026 / 13(4)- 20.01.2025 / सांकेतिक कब्जा / विक्रय सूचना तिथि 24.09.2026	A) रु. 5.69 लाख / B) रु. 0.57 लाख	रु. 5.96 लाख एवं ब्याज तथा अन्य प्रभार

चल संपत्ति के बिक्री हेतु बिक्री सूचना (Appendix IV A (नियम 8(6) के प्रावधानों को देखें))
बैंक के पक्ष में हाइपोथिकेटेड जब्त वाहनों की बिक्री हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना

जन साधारण को सामान्यतः एवं ऋणियों और जमानतदारों को विशेष तौर पर सूचना दी जाती है कि बैंक ऑफ इंडिया द्वारा जब्त किये गये निम्न वर्णित वाहनों की बिक्री सार्वजनिक नीलामी द्वारा **"जहाँ है, जिस हालत में है और जो है के आधार पर"** निम्नवर्णित ऋणियों से बैंक ऑफ इंडिया के निम्नवर्णित बकाया की वसूली हेतु दिनांक **27-10-2026** को होगी। आरक्षित मूल्य और ईएमडी का विवरण नीचे तालिका में है।

क्रं. सं.	शाखा का नाम / ऋणकर्ता का नाम	रजि नं. / वर्ष	मॉडल / रंग या निर्माण वर्ष	चेसिस संख्या / इंजन संख्या	विक्रय सूचना की तिथि	आरक्षित मूल्य / अग्रधन जमा राशि
05	श्यामली शाखा / मनोज कुमार गोप	JH01CY0564 / 02.06.2018	Mahindra MTB Blaz 025 6E1B44250D16B / 2018	MA1QDAPHDJ6E98665 / VAZJE15133	24.09.2026	रु. 7.99 लाख / रु. 0.80 लाख
06	शाहपुर शाखा / सेराज खलीफा	JH03AR0982 / 17.12.2024	Maruti Baleno Delta 1.2 BS IV / 2024	MBHHWB13SRJ847867 / K12NP4547247	24.09.2026	रु. 4.22 लाख / रु. 0.43 लाख
07	डाल्टनगंज शाखा / त्रिपुरारी प्रसाद	JH01FG9789 / 20.10.2023	Hyundai Grand I10 NIOS 1.2MT KAPPA Sports/ 2023	MALB351CLPM489336 / G4LAPM711	24.09.2026	रु. 4.00 लाख / रु. 0.40 लाख

संपर्क विवरण: 1) शुभम कुमार अग्रवाल – 8370032832, 2) गणेश कुमार – 9386107289, 3) अमित विजय होरो – 9934152470, 4) महेश मुंडा – 9905090574, 5) रण अवय सिंह – 7033940639, 6) पूर्ण कुमार प्रिये – 8299771951, 7) रिशिकांत कुमार – 7566292015

ई-नीलामी की तिथि एवं समय : 27.10.2026 प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक 5 मिनट की अवधि के असीमित विस्तार के साथ
संपत्ति निरीक्षण तिथि : 26.10.2026 तक (प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें)

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : ARD, अंचल कार्यालय, अनूप गुप्ता (मुख्य प्रबंधक) 7772845416

ई-नीलामी के नियम एवं शर्तें इस प्रकार हैं : (1) ई-नीलामी अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट https://baanknet.com पर प्रदान की गई ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक बोली प्रक्रिया के माध्यम से की जाएगी। (2) ई-नीलामी के नियम और शर्तों के विवरण के लिए, कृपया https://baanknet.com देखें। (3) अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास स्व-विवेक से बिना किसी पूर्व सुचना एवं कारण बताये किसी भी बोली स्वीकृत या अस्वीकृत करने अथवा बिक्री को स्थगित करने/ टालने/ रद्द करने अथवा बिक्री के नियमों को संशोधित करने का सम्पूर्ण अधिकार है।

स्थान : राँची
विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य है।
प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ इंडिया